रॉंची
6/1/16

ICFAI UNIVERSITY JHARKHAND

The Institute of Chartered Financial Analysts of India University, Jharkhand

## इक्फाई विश्वविद्यालय झारखण्ड द्वारा डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

आज डिजिटल कौशल पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का इक्फाई विश्वविद्यालय के दलादली स्थित परिसर में किया गया। इस प्रशिक्षण में सीसीएल, मेकॉन, सेल, अभय रोलिंग मिल्स आदि जैसे प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रबंधकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में आये हुए सभी प्रतिभागीयों का स्वागत करते हुए प्रो० ओ आर एस राव ने कहा कि प्रौद्योगिकी हमारे दिन-प्रतिदिन के जीवन शैली और काम के तरिको में बदलाव ला रहा है और हमें स्मार्ट फोन, ई-मेल, गुगल, फेसबुक, स्काइप आदि डिजिटल तकनिकियों का प्रयोग करने पर मजबूर कर रहा है। भविष्य की ओर देखते हुए प्रो० ओ आर एस राव ने कहा कि 90% से अधिक काम अब डिजिटल तकनिक से होंगे जिसके कारण हमें जीवन में व्यावसायिक कौशल के साथ डिजिटल कौशल की जरूरत है। कार्यक्रम में माइक्रोसाफ्ट के निदेशक, डॉ० रजनिश सिंह ने बताया कि कैसे हम सूचनाओं को त्वरित रूप से गुगल, सोशल नेटवर्किंग साइट से प्राप्त कर सकते हैं एवं इसका अपने व्यक्तिगत जीवन में उपयोग कर सकते हैं। वि० वि० शैक्षणिक सलाहकार डॉ० हरिहरण ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम झारखण्ड में पहली बार आयोजित हो रहा है।

कार्यक्रम में वि० वि० के कुलसचिव डॉ० बी एम सिंह, एसोसिएट डीन प्रो० एन एस प्रसाद, डॉ० एस सी० स्वेन तथा अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे।